| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-1-A | 10 | 2.75 |
| Unit-1-B | 25 | 3.5 |
| Unit-1-C | 40 | 11.75 |
| Unit-2-A | 10 | 3 |
| Unit-2-B | 25 | 10.5 |
| Unit-2-C | 30 | 15.5 |
| Unit-3-A | 20 | 4.25 |
| Unit-3-B | 20 | 12.25 |
| Unit-3-C | 20 | 7.75 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 71.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Seventy One+ ¼ |

PART - I

Paper Code

**P-3**

55781

Medium of Exam

HINDI

Hindi ●

English ○

ition of the candidate shall be
date will be liable-
Name, Address, Roll Number,

questions.
ादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

number of pages) then bring it
le for that.
तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

all Point Pen before answering.
Cover Sheet (OMR sheet).
ेपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

details have to be filled by the

यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

narks are indicated in each unit

ूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
sh versions of the question, the

पान्तर मान्य होगा।
uage and script, unless directed

दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

ers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
ा दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
y other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की
वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

ndidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
re examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
पूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा**।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

Paper-III



SPACE FOR ROUGH WORK

## PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** (75 Marks)

**Part – A** Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान हैं ?

□ भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 251 में अवशिष्ट विषयों की शक्तियाँ केन्द्र सरकार को प्रदान की गई है, अतः संविधान उपरांत जुड़े विषयों पर केन्द्र कानून बना सकती है।

0.5(Zero½)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it
2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

(a) 2 ✗
(b) 3 ✗
(c) ✗
(d) ✗

0 (Zero) (Q.U1-A-2-a)
0 (Zero) (Q.U1-A-2-b)
0 (Zero) (Q.U1-A-2-c)
0 (Zero) (Q.U1-A-2-d)

Paper-III

3. What is 'Global Stocktake (GST)' ?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

▫ UNFCCC के COP-21 में ग्लोबल स्टॉकटेक की अवधारणा दी गई जिसके तहत प्रत्येक 5 वर्ष पश्चात INDCs का मूल्यांकन किया जाएगा। ▫ COP-28 में ग्लोबल स्टॉकटेक — 2050 तक नेट Zero एवं 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना का लक्ष्य

1.5(One½)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?

(i) Idashisha Nongrang

(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?

(i) इदाशिशा नोंगरांग

(ii) आलोक शुक्ला

(i) इदाशिशा नोंगरांग — प्रमुख पर्यावरणविद् एवं भारतीय लोकसभा सदस्य निर्वाचित (पूर्वोत्तर राज्य)

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)

(ii) आलोक शुक्ला :— भारत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त पद प्राप्त।

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

▫ अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 5 आदिम जनजाति समूह रहते हैं जैसे — जरावा, शौम्पेन, ओंगे

▫ शौम्पेन जनजाति को 'PVTG' का दर्जा प्राप्त है।

▫ शौम्पेन जनजाति की घटती/स्थिर जनसंख्या एवं साक्षरता संबंधी मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

0.75(Zero¾)
(Q.U1-A-5)

**Unit – I/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

⊙ अनुच्छेद-14 - समानता के अधिकार (विधि के समक्ष समानता) की बात करता है एवं युक्तियुक्त वर्गीकरण (विधि का समान संरक्षण - USA के संविधान) की बात करता है जहां विधि के द्वारा समान परिस्थितियों में समान व्यवहार किया जाएगा। ⊙ परन्तु समाज में एकरूपता की आवश्यकता हो तो युक्तियुक्त वर्गीकरण किया जा सकता है। ⊙ यहां सकारात्मक भेदभाव के माध्यम से विधि का समान संरक्षण सुनिश्चित होता है। (सभी वर्गों का युक्तिपूर्ण वर्गीकरण)

अपवाद - राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को प्राप्त उन्मुक्तियां

0.5(Zero½)
(Q.U1-B-6)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन–आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर–दलीय राजनीतिक् प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए।

▫ भारत में जनआधारित आंदोलनों की शुरूआत स्वतंत्रता के पश्चात ही प्रारंभ हो गई जो कालांतर में दलीय एवं गैर दलीय राजनीतिक प्रक्रियाओं में विभाजित हुई। ▫ गैर दलीय राजनीतिक प्रक्रियाएं मुख्यत: स्थानीय समुदायों एवं स्थानीय स्तर पर आधारित हुई जिनमें सर्वसमावेशिता, लचीलापन एवं अल्पकालिकता का गुण था। ⊙ गैर दलीय राजनीतिक आंदोलनों का कोई राजनीतिक पक्ष नहीं था, जहां वे अपनी मांगों को लेकर एकजुट होते थे। जैसे — नर्मदा बचाओ आंदोलन, लोकपाल आंदोलन (प्रारंभिक दौर), सूचना का अधिकार (MKSS)

2(Two)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243–ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए।

▫ भारतीय संविधान के अनुच्छेद–243(W) में स्थानीय निकायों के विषयों (29 विषय) एवं कार्यों का विवरण दिया गया है।

विषय :– 29 [राज्य सरकार द्वारा विषय हस्तांतरित किए जाते हैं। जैसे – राजस्थान (29 विषय – PRI)

⊙ जैसे – पेयजल का विषय (जल जीवन मिशन में PRI की भूमिका

▫ कार्य →
- स्थानीय स्तर पर विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं का निर्माण
- निर्मित योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना

समस्या :– वर्तमान में अधिकतर विषयों (29 विषयों) को पंचायती संस्थाओं को हस्तांतरित नहीं किए गए हैं।

0 (Zero)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?

नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

▣ भारतीय संविधान के अनुच्छेद -5 से 11 में नागरिकता संबंधी प्रावधान किए गए हैं। [अनु-11 - संसद द्वारा कानून निर्माण]
▣ CAA - 2019 में पंजीकरण का आधार -
(1) पड़ोसी देशों से आए हुए अप्रवासी नागरिक जो भिन्न धर्म से हो - हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध, फारसी, ईसाई (मुस्लिम धर्म सम्मिलित नहीं)
(2) मूल देश के अप्रवासियों को भारत में आए हुए 7 वर्ष से अधिक समय (3) इन्हें भारतीय नागरिकों का दर्जा
अधिकार (नागरिकता रद्द) :- राशन कार्ड, आजीविका संबंधित अधिकार

0 (Zero)
(Q.U1-B-9)

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.

77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

▣ 77वें कान फिल्म फेस्टिवल :- यह एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल है जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय फिल्म, संगीत, फिल्म डायरेक्टर, पटकथा इत्यादि विषयों पर अवार्ड दिए जाते हैं।
▣ भारत का प्रदर्शन - भारत में RRR (S.S राजामौली) के संगीत (नाटू-नाटू) को अवार्ड प्राप्त हुआ।
▣ भारतीय एक शॉर्ट फिल्म - हाथियों से संबंधित को अवार्ड प्राप्त हुआ।
▣ कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म एवं संगीत पर अवार्ड प्राप्त हुए।

1 (One)
(Q.U1-B-10)

Unit – I/Part – C Marks : 40

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.
राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

संविधान के अनुच्छेद-80 में 'राज्य सभा' का वर्णन किया गया है। (स्थायी सदन, Upper House)
राज्यसभा एक स्थायी सदन है जिसके सदस्यों का
निर्वाचन → राज्य की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों (MLA) के द्वारा किया जाता है।
→ राज्यसभा के सदस्य अप्रत्यक्ष मतदान द्वारा निर्वाचित होते हैं।
→ प्रत्येक राज्यसभा सदस्यों हेतु राज्यों में सीटों की संख्या निश्चित होती है।
(जनसंख्या के आधार पर राज्य में राज्यसभा क्षेत्रों का निर्धारण)

निर्वाचन पद्धति ① एकल संक्रमणीय मत पद्धति
② आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति

कार्यकाल :- 6 वर्ष [प्रति 2 वर्ष पश्चात 1/3 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त]

0.25(Zero¼) (Q.U1-C-11)
1(One) (Q.U1-C-11)
0.25(Zero¼) (Q.U1-C-11)
0.25(Zero¼) (Q.U1-C-11)

- राज्यसभा का सभापति – उपराष्ट्रपति, राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। (अनुच्छेद-64)
- शक्तियाँ –
  - अनुच्छेद–312 (अखिल भारतीय सेवाओं पर (विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित कर
  - अनुच्छेद– 67 (उपराष्ट्रपति का निष्कासन)
  - अनुच्छेद – 252 (राज्य सूची पर कानून (विशेष बहुमत)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

▫ जाति एक युक्त स्थिति पर आधारित अन्तःविवाही लोगों का समूह है जो भारतीय समाज में स्तरीकरण का प्राचीनतम स्वरूप है।

▫ रजनी कोठारी के अनुसार जाति के सेकुलरीकरण की प्रक्रिया 'जाति के राजनीतिकरण' (जातियों को वोट बैंक के आधार) से प्रारंभ हुई है। जो सेकुलरीकरण की ओर अग्रसर है।

प्रक्रिया :- (i) वैचारिक तत्व – प्राचीन समय से ही निम्न जाति समूहों के साथ भेदभाव अतः सभी जातियाँ एकत्रित होकर राजनीतिक शक्ति के प्राप्ति की माँग (ii) मण्डल आयोग-1979 (इन्होंने 1931 की जनसंख्या के आधार पर 54% आरक्षण की बात की (iii) भक्ति/धार्मिक सुधार आंदोलन (iv) कानून संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों (स्वतंत्रता, संप्रभुता एवं समानता) ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है।

(v) शहरीकरण, औद्योगीकरण, संचार एवं परिवहन का प्रभाव

(vi) वर्तमान में अंतरजातिय विवाह, राजनीतिक शक्ति, शिक्षा,

प्रभाव

→ वर्तमान में जाति के आधार पर सामाजिक संबंधों एवं गतिशीलता के निर्धारण में जाति की भूमिका कम

→ निर्योग्यताएं एवं विशेषाधिकारों की समाप्ति

→ जजमानी व्यवस्था एवं पेशेवर (जाति आधारित) में कमी आई है।

→ जातिय पंचायतों का स्थान ग्राम पंचायतों ने,

नकारात्मक :- जाति आधारित संगठन, आरक्षण की माँग, जातिवाद का भावना, जातिगत संघर्ष

प्रो. आन्द्रे बिताय के अनुसार समाज के पंथनिरपेक्षीकरण से जाति में सेकुलरीकरण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

2.5(Two½)
(Q.U1-C-12)

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

▫ दलीय प्रणाली के प्रथम चरण को 'कांग्रेस' के प्रभुत्व का चरण कहा जाता है। (1952-1971)

▫ प्रारंभ में राजस्थान में राजनीतिक अस्थिरता का चरण था (1949-1954) – इन 5 वर्षों में 6 मंत्रिमण्डल बने – → हीरालाल शास्त्री, V.S वेंकटरमन, जयनारायण व्यास, टिकाराम पालीवाल, जयनारायण व्यास एवं मोहनलाल सुखाड़िया

→ (मोहनलाल सुखाड़िया से राजनीतिक स्थिरता का दौर प्रारंभ)

विशेषता – → सामंतवाद बनाम सामान्य

→ क्षेत्रीय दलों का उदय

→ कांग्रेस का राजाओं (जोधपुर) द्वारा प्रतिरोध

→ दलों का उदय → राम राज्य परिषद, → भारतीय जनसंघ

→ (विपक्षी दलों में एकता का अभाव

→ प्रथम चुनावों (160 सीटों) में कांग्रेस को बहुमत

→ 1967 – के चुनावों में कांग्रेस को बहुमत नहीं (मिला)

→ केन्द्रीय राजनीति (आलाकमान) का राज्य राजनीति पर अत्यधिक प्रभाव [इंदिरा गांधी के पश्चात अधिक]

अतः राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण में कांग्रेस का प्रभुत्व, दलों का उदय, सामंतवादी विचारधारा एवं 1977 के पश्चात कांग्रेस का प्रभुत्व समाप्त हुआ।

5(Five)
(Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.

एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।

वर्तमान के वैश्विक परिदृश्य में भारत 'ग्लोबल लीडर' के रूप में उभर रहा है अतः स्वाभाविक रूप से भारतीय विदेश नीति दुविधा में — विकसित उत्तर बनाम दक्षिण के विकासशील
अतः- भारत को मध्यममार्ग के स्वतंत्र विदेश नीति के तहत सामंजस्य स्थापित करना होगा।

(तर्क) (i) भारत विश्व की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है एवं विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, अतः आर्थिक दृष्टिकोण से विकसित उत्तर से जुड़ना (मुक्तव्यापार समझौता, CEPA) एवं विकासशील देशों के बाजार से जुड़ना (पश्चिमी एशिया उत्तरी अफ्रीका — मिस्र से CEPA) दोनों आवश्यक है।
(ii) UNO में भारत को स्थायी सदस्य (UNSC) के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग की आवश्यकता।
(iii) भारत को तकनीकी एवं रक्षा समझौता — अंतरिक्ष, मिसाइल हेतु वैश्विक उत्तर के साथ सहयोग एवं निर्यात हेतु (वियतनाम, फिलिपींस) हेतु दक्षिण के साथ सहयोग।
(iv) भारत को 'डिहाइफनेशन की नीति' के तहत (यूक्रेन – रूस) (इजराइल – फिलिस्तीन) के मध्य समन्वय (उत्तर बनाम दक्षिण)
(v) BRICS, SCO, BIMSTEC आदि संगठनों में भारत का वैश्विक दक्षिण स्वरूप & Global voice of South)
(vi) G-20, G-7 (अतिथि सदस्य) आदि के माध्यम से एक Soft power के रूप में वैश्विक सहयोग।
(vii) भारत की सुरक्षा, नाभिकीय निरस्त्रीकरण, पंचशील की नीति
(viii) गुटनिरपेक्षता की नीति को बनाए रखना।
उपर्युक्त तर्कों के आधार पर भारत को 'विश्वमित्र' (वसुधैव कुटुम्बकम्) का पालन किया जाना चाहिए

2.5(Two½)
(Q.U1-C-14)

Unit – II (65 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer.

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए।

① राजस्थान लोक सेवा आयोग
② राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर
③ राजस्व मण्डल, अजमेर।
④ वित्तिय निदेशालय

0 (Zero)
(Q.U2-A-15)

16. What do you mean by sub-national government ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

0 (Zero)
(Q.U2-A-16)

उप-राष्ट्रीय सरकार 'सरकार का एक स्वरूप है। जिसके तहत विधायिका की तरह, राज्यों की भूमिका एवं प्रशासनिक संस्कृति, राष्ट्रीय नीति निर्माण (नीति-आयोग की भूमिका) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् इत्यादि मिलकर उप राष्ट्रीय सरकार का निर्माण करते है।

17. What is the main concern of Corporate Governance ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ? उद्गम — USA

सरोकार :-

कॉर्पोरेट गवर्नेंस उन आदर्शों एवं सिद्धांतों का योग है जो एक निगमीत निकाय की पारदर्शिता, जवाबदेहिता, उत्तरदायी बनाने हेतु प्रेरित करती है जिससे शेयरधारकों एवं हितधारकों के हितों का संरक्षण हो सके। [सामाजिक कल्याण एवं पर्यावरणीय संरक्षण तथा कंपनी के प्रति जनता में विश्वसनीयता]

1.25(One¼)
(Q.U2-A-17)

18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?

राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

सचिवालय में मुख्य सचिव कार्यालय के अधीन बैठकों में पूछे गए प्रश्नों एवं उत्तरों का अंतिम स्वरूप तैयार किया जाता है।

यहाँ लोकसेवकों (सचिवालय) की गतिविधियों में कार्य करने का उत्तरदायित्व होता है। [कार्य मंत्रणा समिति — संसद (LS/RS) द्वारा दैनिक संचालन]

0 (Zero)
(Q.U2-A-18)

19. What is the main function of State Election Commission ?

राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

प्रावधान — अनुच्छेद - 243(K) & 243(ZA)

मुख्य कार्य

1. राज्य में पंचायती राज संस्थाओं (PRI) एवं शहरी निकायों (ULB) के चुनावों का आयोजन करवाना।
2. मतदाता सूचियों का नवीनीकरण करना
3. आदर्श आचार संहिता का क्रियान्वयन
4. मतदाता सुविधाओं/जागरूकता कार्यक्रम।

1.75(One¾)
(Q.U2-A-19)

## Unit – II/Part – B

**Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

विशेषताएँ (i) यह संगठन की उत्तरजीविता में वृद्धि करता है।
(ii) यह संगठन में उत्प्रेरक/अवरोधी शक्तियों की पहचान में सहायक
(iii) संगठन के कार्य निष्पादन में वृद्धि
(iv) कर्मचारियों की कार्यकुशलता एवं संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करता है।
(v) उच्चस्थ व अधीनस्थों के मध्य समन्वय
(vi) संगठन में तकनीकी नवाचारों एवं सुधारों का प्रयोग
(vii) बाह्य परिवेश एवं बाजार के साथ समन्वय की स्थापना
(viii) संगठन में कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने का माध्यम
(ix) प्रशिक्षण का माध्यम।
(x) संगठन में प्रभावी सम्प्रेषण की स्थापना।

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

3(Three)
(Q.U2-B-20)

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

वैधता :- वैधता किसी भी शासन के प्रति विश्वसनीयता का प्रतीक होती है। (शासन के प्रति जनता का विश्वास) मैक्स वेबर

विशेषता - (i) शक्ति + वैधता = सत्ता

(ii) लोकतंत्र की आवश्यकता (वैधता) एवं आधार

(iii) नेतृत्व की उत्तरदायिता एवं जवाबदेहिता

(iv) वस्तुनिष्ठ न होकर विश्वासनिष्ठ

(v) वैधता शासन को स्थायित्व प्रदान करती है

माध्यम :- (a) कानून/नियम/संविधान (b) परम्परागत माध्यम (c) चामत्कारिक व्यक्तित्व (d) प्रत्यायोजन & विकेन्द्रीकरण

2.5(Two½)
(Q.U2-B-21)

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important ?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं?

सात बुराइयाँ (1) कार्य के बिना धन (2) नैतिकता के बिना व्यापार (3) सिद्धांत के बिना राजनीति (4) चरित्र के बिना ज्ञान (5) मानवता के बिना विज्ञान (6) त्याग के बिना पूजा (7) अन्तरात्मा के बिना सुख

2.5(Two½)
(Q.U2-B-22)

महत्वपूर्ण :- (i) सात पाप व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है।

(ii) यह विविध एवं व्यापक है। (विज्ञान, धर्म, आर्थिक)

(iii) सात पाप व्यक्ति को अनैतिक मार्ग करने से रोकते है एवं वैज्ञानिकता एवं तार्किकता पर बल देते है।

(iv) लोक सेवकों में सात पापों की प्रासंगिकता सुनिश्चित है - निष्पक्षता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, गैरपक्षधारिता, भ्रष्टाचार का विरोध

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

अनुच्छेद-167 (मुख्यमंत्री के राज्यपाल के प्रति कर्तव्य)

(i) मुख्यमंत्री द्वारा कार्यपालिका के कार्यों का विवरण देना एवं सूचना उपलब्ध करवाना (राज्यपाल)

(ii) राज्यपाल द्वारा विधानमण्डल के कार्यों की सूचना मांगे जाने पर उपलब्ध करवाना (iii) मंत्रिपरिषद में मंत्री द्वारा लिए गए निर्णय पर विचार करना।

अन्य - राज्यपाल को अध्यादेश, नियुक्ति, विधानसभा भंग, सिफारिश राज्य के मंत्रिपरिषद पर नियंत्रण, राज्य का केंद्र में प्रतिनिधित्व

शासन का मुखिया - (i) राज्यपाल मंत्रिपरिषद एवं अन्य नियुक्तियां मुख्यमंत्री की सलाह से (ii) मुख्यमंत्री प्रशासन का प्रमुख

2.5 (Two½)
(Q.U2-B-23)

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

राज्य लोक सेवा आयोग -

(1) यह एक संवैधानिक निकाय (अनु. 315-323)

(2) योग्यता - अध्यक्ष (1) + सदस्य (7) (संरचना)
→ 50% सदस्य (राज्य/केन्द्र के 10 वर्ष कर्मचारी)
→ 50% - शिक्षा, वकील

(3) नियुक्ति - राज्यपाल (मंत्रिपरिषद एवं मुख्यमंत्री सहाय

(4) कार्यकाल - 6 या 62 वर्ष

(5) वेतन - राज्य की संचित निधि

(6) निष्कासन - कदाचार / असमर्थता (SC की जांच के पश्चात

(7) कार्य - सलाहकारी निकाय (परीक्षायें एवं साक्षात्कार

×

0 (Zero)
(Q.U2-B-24)

Unit – II/Part – C Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

ग्रेकुनास द्वारा अपनी पुस्तक 'Relationship in organisation' में नियंत्रण के क्षेत्र के संबंध में अपने विचार दिए।

सिद्धांत – ① एक अधिकारी को सदस्यों की संख्या के बजाय उनके संबंधों पर नियंत्रण रखना चाहिए

② यह ध्यान का क्षेत्र होता है बजाय नियंत्रण के क्षेत्र

गणितीय फामुलें (संबंध) :– (i) प्रत्यक्ष संबंध – $n$

(ii) प्रत्यक्ष समूह संबंध – $n(n-1)$

(iii) आडे़ तिरछे – संबंध – $n\left(\frac{2^n}{2}+n-1\right)$

[$n$ = अधीनस्थों की संख्या]

निष्कर्ष :– ① यहाँ अधीनस्थों की संख्या गणितीय रूप से बढ़ती है।

② अधीनस्थों में संबंधों की संख्या ज्यामितिय रूप से बढ़ती है।

# यदि संबंधों की संख्या 5 हो तो :– {$n=5$}

(i) प्रत्यक्ष संबंध = $n$

$\Rightarrow 5$

3.5(Three½)
(Q.U2-C-25)

(ii) प्रत्यक्ष समूह संबंध = $n(n-1)$

$= 5(5-1)$

$\Rightarrow 20$

(iii) आड़े-तिरछे संबंध = $n\left(\frac{2^n}{2} + n - 1\right)$

$\Rightarrow 5\left(\frac{2^5}{2} + 5 - 1\right) \Rightarrow 5[16 + 5 - 1] \Rightarrow 5[20]$

$\Rightarrow 100$

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

▣ भारत में न्यायिक नियंत्रण के आधार :-
(i) तथ्य में त्रुटि (ii) अधिकारों का दुरुपयोग
(iii) विवेकाधीन शक्तियों का दुरुपयोग (iv) प्रक्रिया की त्रुटि
(v) निर्वचन त्रुटि इत्यादि।

न्यायिक नियंत्रण
→ असाधारण उपाय (अनुच्छेद - 32 / 226)
(i) बंदी प्रत्यक्षीकरण
(ii) परमादेश
(iii) प्रतिषेध
(iv) उत्प्रेषण
(v) अधिकार पृच्छा
→ साधारण उपाय (a) न्यायिक निर्णयों की समीक्षा
(b) नियमों / कानूनों की समीक्षा
(c) पृथक् व्यवस्था पत्र की समीक्षा (d) लोक सेवक के विरुद्ध कार्यवाही (e) सरकार के विरुद्ध अपील (f) करारोपण के विरुद्ध अपील (g) न्यायिक सक्रियता / न्यायिक पुनरवलोकन (PLI)

चुनौतियाँ
→ न्यायिक प्रक्रिया अत्याधिक लंबी एवं खर्चीली
→ न्यायिक भ्रष्टाचार
→ न्यायाधीश सभी विषयों के विशेषज्ञ नहीं है
→ न्यायिक प्रक्रिया का बैकलॉग (ध्येय का लक्ष्य)
→ Uncle Judge syndrome (भाई-भतीजावाद)
→ न्यायिक भाषा जटिल है। / न्यायिक अतिरेक

निष्कर्ष :- न्यायालय का न्यायिक संयम अपनाते हुए न्यायिक नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

6(Six)
(Q.02-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

टकराव के कारण :- (i) अधिकार पदों (उच्च) पर सामान्यज्ञों की नियुक्ति (ii) सामान्यज्ञों का उच्च वेतनमान एवं सुविधाएं (iii) सामान्यज्ञों का निरंकुश व्यवहार (iv) बिना किसी तकनीकी योग्यता के विशेषज्ञों पर टिप्पणी एवं नीति निर्माण।
(v) सचिवालय में सामान्यज्ञों की प्रधानता (vi) तीव्र पदोन्नति प्रक्रिया (vii) अंतरविभागीय स्थानांतरण (viii) मंत्रियों के साथ घनिष्ठता, इत्यादि

| सामान्यज्ञों का पक्ष | विशेषज्ञों का पक्ष |
| --- | --- |
| (a) नीति निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है। | (a) चूंकि नीति निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है अतः इसमें तकनीकी योग्यता की आवश्यकता। |
| (b) विशेषज्ञ POSDCORB में प्रशिक्षित नहीं | (b) भारतीय संविधान "समानता का अधिकार (Ar-14)" |
| (c) औपनिवेशिक काल से सामान्यज्ञों की भूमिका | (c) LPG सुधारों के पश्चात बढ़ती तकनीकी जटिलता |
| (d) नीति निर्माण एक कला है। | (d) विकसित देशों से प्रेरणा |
| | (e) प्रशासन में भ्रष्टाचार, औपनिवेशिकता एवं लालफीताशाही का कारण |

समाधान

★ प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
↓ (सेवाओं का वर्गीकरण)

| कार्यात्मक | गैर-कार्यात्मक |
| --- | --- |
| (केवल विशेषज्ञों हेतु) | (विशेषज्ञों एवं सामान्यज्ञों हेतु) |

अन्य –
→ सचिवालय व निदेशालय का विलय एवं एक साथ प्रशिक्षण
→ अखिल भारतीय सेवाओं का सर्जन
→ कुछ पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति)

6(Six)
(Q.U2-C-27)

## Unit – III (Section – A) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें ।

① पेरिस ओलंपिक – २०२४ का प्रारंभ 26 जुलाई २०२४ को होगा। ३३वाँ ओलंपिक। (प्रारंभ - 1896)
② भारतीय ध्वजवाहक के रूप में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को प्राथमिकता। हॉकी – मनप्रीत सिंह (हॉकी – 2020) → लवलीना बोरगोहेन

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-28)

29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें ।

① भारत में खेलो इंडिया केन्द्र – क्षेत्रीय केन्द्र – 8
उत्कृष्टता केन्द्र – 52
② राज्य में खेल → क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी
→ बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी
→ एथलेटिक्स, वॉलीबॉल इत्यादि।

0.75(Zero¾)
(Q.U3-A-A-29)

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

▫ दिव्यकृति सिंह – घुड़सवारी से संबंधित
→ इनके पिता को भी अर्जुन पुरस्कार
अन्य अर्जुन पुरस्कार → मितालि राज
विजेता (महिला) → अपूर्वी चंदेला
→

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए ।

▫ जन्म – नागौर    खेल – घुड़सवारी
▫ उपलब्धियाँ – (i) एशियाई खेल-2023 में 'स्वर्ण पदक'
(ii) रियाद में अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता – [एक रजत, दो कांस्य]
(iii) भारतीय निर्वाचन आयोग ने 'स्टेट इलेक्शन आइकन' बनाया
(iv) अर्जुन पुरस्कार (2023/24) प्राप्त हुआ।

2(Two)
(Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए ।

मोच – यह अस्थियों में (कोमल ऊतकों) में लगने वाली चोट है। (अत्यधिक वजन के कारण सामान्यत; एकदम शरीर को मोड़ना)
खिंचाव :– यह मांसपेशियों की चोट है। (अधिक वजन एवं खिंचाव के कारण)
उपचार – PRICE/MICE विधि
अंतर – (i) मोच अस्थियों की चोट है जबकि खिंचाव मांसपेशियों की चोट होती है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-A-32)

Unit – III (Section – A)
Part – B

Marks : 10

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए ।

① यह एक छात्र परियोजना है जो विभिन्न कार्यक्रमों का समन्वय है। (राजीव गांधी खेल अभियान + शहरी खेल बुनियादी ढांचा (प्रतिभा खोज प्रोत्साहन)
② इसके तहत २० यूनिवर्सिटी में 3 उत्कृष्टता केन्द्र
कार्य क्षेत्र ③ प्रतिवर्ष 1000 छात्रों का चयन।
④ चयनित छात्रों को 8 वर्षों तक प्रशिक्षण
⑤ प्रति वर्ष 5 लाख खर्च (चयनित खिलाड़ियों)
⑥ इसमें 10 से 18 वर्ष के युवाओं का चयन
⑦ दो स्तर — U-17, U-19
⑧ अभी तक पांच संस्करण। (गोवा-2024)
⑨ स्थानीय खेलों का समावेश (मलखंब)
⑩ खेल आधारों का बढ़ावा (प्रशिक्षण)

1(One)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्‌भव योगसूत्र के किस पद से है ? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए ।

पतंजलि की पुस्तक 'योगसूत्र' में योग की व्याख्या एवं अष्टांग योग का वर्गीकरण किया गया है।
उपर्युक्त पद अष्टांग योग के 'समाधि' चरण की व्याख्या करता है।
समाधि :- (अवयव) → सम्प्रज्ञात (मन के विचारों पर नियंत्रण एवं (बाह्य परिवेश का ज्ञान)
→ असम्प्रज्ञात (पूर्ण मानसिक एकाग्रता)
चरण :- यम → नियम → आसन → प्राणायाम → प्रत्याहार → ध्यान → धारणा → समाधि
(अष्ट मार्गों के माध्यम से समाधि प्राप्ति पर बल)

0 (Zero)
(Q.U3-A-B-34)

## Unit – III (Section – B) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

▢ भारतीय परम्परा में बुद्धि को समाकलित बुद्धि कहा गया है।

पक्ष
→ ① सामाजिक क्षमता :- (सामाजिक संबंधों का ज्ञान एवं [illegible])
→ ② संवेगात्मक क्षमता :- (दूसरों के विचारों को समझकर व्यवहार)
→ ③ संज्ञानात्मक क्षमता :- (तार्किकता, वैज्ञानिकता, चिंतन क्षमता)
→ ④ उद्यमी क्षमता :- (जीवन कौशल एवं उद्यमीता)

1.25(One¼) (Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए ।

वेश्लर
(i) परिवेश के साथ समायोजन करना
(ii) विवेकपूर्ण चिंतन करना
(iii) साउद्देश्य पूर्ण व्यवहार करने की क्षमता
→ बुद्धि

1(One) (Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ।

विश्लेषणात्मक शैली
→ सामग्री का अधिगम छोटे - छोटे खण्डों में
→ अचेतन एवं अवैयक्तिक सामग्री का अधिगम
→ अमूर्त विषयों के लिए अच्छी स्मृति
→ अवैयक्तिक कार्यों में भागीदारी नहीं

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये ।

एटकिंसन एवं शिफ्रीन द्वारा परिभाषित :-
(i) सर्वप्रथम सूचनाएं संवेद स्मृति में प्रवेश
(ii) इन्द्रियों द्वारा पूर्ण शुद्धता से सूचना ग्रहण
(iii) अवधि — 1 sec. से कम
(iv) संचयी क्षमता — वृहद

चरण
संवेदी स्मृति
↓
अल्पकालिक स्मृति
↓
दीर्घकालिक स्मृति

1(One)
(Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये ।

एबिंगहास द्वारा विस्मृति का अनुपयोग सिद्धांत दिया जिसके तहत मस्तिष्क द्वारा सर्वप्रथम प्राप्त सूचनाओं के चिह्न (स्मृति चिह्न) बनते हैं, परन्तु अभ्यास/उपयोग के अभाव में स्मृति चिह्नों का ह्रास होता है। जिससे विस्मरण उत्पन्न होता है।

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-39)

## Unit – III (Section – B)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन दुवारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये ।

आधार – मनोसामाजिक जोखिम कारक

| type-A | type-B |
| --- | --- |
| इस प्रकार के व्यक्ति में उच्चस्तरीय अभिप्रेरणा, समय की कमी, धैर्य की कमी, उतावलापन एवं कार्य का दोषपूर्ण होने की मानसिकता होती है। दोष :- इस प्रकार के व्यक्तित्व में अवसाद एवं हृदय रक्तवाहिनी रोग खतरा | → यह type-A व्यक्तित्व का ठीक विपरीत प्रकृति का व्यक्तित्व होता है। → गुण – यह धैर्यवान, समय पर कार्य करने वाले, शांत, आधिक दक्षता एवं कार्यकुशलता से कार्य निष्पादन करने वाला होता है। |

3(Three)
(Q.U3-B-B-40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए ।

▫ लैजारस एवं फोकमैन द्वारा तनाव प्रबंधन (तनाव के प्रति स्थिति गतिशील विशिष्ट अनुक्रिया-मूल्यांकन के आधार पर) की व्याख्या की।

| समस्या केन्द्रित | संवेग केन्द्रित |
| --- | --- |
| सिद्धांत — इसके तहत समस्या के कारणों को समझकर, विश्लेषण, तार्किक चिंतन द्वारा तनाव प्रबंधन | इसमें संवेग (विचार) आधारित तनाव के पीछे कारणों को न जानकर संवेगों पर नियंत्रण किया जाता है। |
| उपयोगी पक्ष — संज्ञानात्मक, व्यवहारात्मक | उपयोगी पक्ष — संवेगात्मक, मनोवैज्ञानिक |
| उदाहरण — समय सारणी का निर्माण (Time table) | उदाहरण → सोचना की यह तनाव क्यों हो रहा है एवं कम करना |

2.5(Two½)
(Q.03-B-B-41)

Do Not Write Here

यहां कुछ नहीं लिखें

## Unit – III (Section – C) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई। क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

नहीं, भारत सरकार को विदेशी सरकार से प्राप्त गोपनीय सूचना को R.T.I-2005 के तहत उपलब्ध नहीं करवाया जा सकता है।

1.5(One½)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

IT एक्ट–2000 यह साइबर अपराधों एवं दण्ड का प्रावधान करता है।
एकान्त भाग (Private area) :– यह किसी संस्था/व्यक्ति/कंप्यूटर उपकरण/डाटा से संबंधित है। जिसमें अनाधिकृत प्रवेश एवं उपयोग की इजाजत नहीं होती।
DPDP-2023 में एकांत भाग के दायरे क्षेत्र का निर्धारण किया गया है।

0 (Zero)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.
प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ।

कॉपीराइट :- एक रचनाकार को उसकी रचना (संगीत, फिल्म नोवल) इत्यादि के संबंध में मिलने वाला एकाधिकार है।
⊙ यह एक व्यक्ति की जीवनभर के लिए (मृत्यु के पश्चात 60 वर्ष तक)
⊙ इसके लिए - कॉपीराइट एक्ट - 1957
⊙ यह व्यक्ति के रचनात्मक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-44)

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?
माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

धारा-2 माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में पुत्र, पुत्री (दत्तक, पोषित, सौतेला) एवं अन्य जिसमें दामाद, पुत्रवधु, पौत्र, पौत्री एवं अवयस्क बालक के विधिक संरक्षक सम्मिलित है। (2019 में संशोधन के अनुसार)

1.25(One¼)
(Q.U3-C-A-45)

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?
घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत 'लैंगिक दुर्व्यवहार' पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

▫ प्रतिवादी के द्वारा किया गया कोई कृत्य, लोप, आचरण जो व्यथित के जीवन, शरीर, अंग, एवं मानसिक, भावनात्मक पक्षों की अपहानि करता है 'लैंगिक दुर्व्यवहार' कहलाता है।

धारा-3
→ ① शारीरिक उत्पीड़न
→ ② मानसिक उत्पीड़न
→ ③ आर्थिक उत्पीड़न
→ ④ लैंगिक उत्पीड़न

1.5(One½)
(Q.U3-C-A-46)

## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

विधिक व्यक्तित्व की अवधारणा में एक हिन्दू देवता की विधिक स्थिति :-

→ हिन्दू देवता को विधिक व्यक्तित्व (मूर्त) का दर्जा प्राप्त।

→ विधिक व्यक्तित्व के अधिकार एवं कर्तव्य (देवता)

→ विधिक व्यक्तित्व का संरक्षण एवं संचालन का अधिकार।

→ हिन्दू देवता के समान, गुरु ग्रंथ को विधिक दर्जा प्राप्त। (मस्जिदों को नहीं) → नदियों एवं गंगा/यमुना को विधिक दर्जा प्राप्त

→ हिन्दू देवता को विधि द्वारा व्यक्तित्व का दर्जा एवं मान्यता प्राप्त।

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-B-47)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

धारा-2

सायर :- सायर में वह सब सम्मिलित है जो कुछ पट्टेदार द्वारा अनधिवासित भूमि से उपज/उत्पाद के रूप में प्राप्त अधिकारों – कूड़ा-करकट लकड़ियाँ, ईंधन, गोंद, फल, पशुओं के अपशिष्ट वानिकी के उत्पादों का अधिकार, अनधिवासित भूमि से मत्स्यन का अधिकार एवं पेड़-पौधों से प्राप्त उत्पादों के उपभोग के अधिकार के संबंध में जो भुगतान किया जाता है उसे सायर कहा जाता है।

☐ प्रावधिक अधिकार (भाग-3(ग)) – सायर का उपभोग का अधिकार

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

2.5(Two½)
(Q.U3-C-B-48)